जबसे विष्णु तुम्हारे दर्श | By Mukesh Bagda |

जबसे विष्णु तुम्हारे
दर्श भयो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

नर नारायण दो है
पर्वत निराले
मंदिर जहाँ है
तेरा चक्रवाले
तेरी कृपा का अमृत
बरस गयो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

बद्री श्री पंचायत
अपनी लगाए
लक्ष्मी खड़ी संग
चंवर ढुलाए
बैठे नारद जी विष्णु
निरख रह्यो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

विष्णुजी का सुंदर है
रूप सजाया
वाहन गरुड़ को है
अपना बनाया
ऊँचे पर्वत पे
सावन बरस गयो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

धन्य हुआ है ये
जीवन हमारा
दर्शन का हमको
मिला जो नज़ारा
आज खुशियों से
नैना छलक गयो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

जबसे विष्णु तुम्हारे
दर्श भयो रे
जादू भक्तों पे तेरा
बरस गयो रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3%e0%a5%81-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d/